दिनांक: 13.07.2026

//सूचना//

विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026–27 में कला मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधीन स्नातक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत संचालित **बी0ए0 पाठ्यक्रम** में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय में किये गये ऑनलाइन आवेदन के क्रम में प्रवेश हेतु पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की द्वितीय वरीयता सूची एवं प्रथम प्रतीक्षा (वेटिंग) सूची काउन्सलिंग हेतु निर्गत की जा रही है। **द्वितीय वरीयता सूची एवं प्रथम प्रतीक्षा (वेटिंग) सूची की प्रवेश/काउन्सलिंग तिथि निम्नानुसार प्रस्तावित है :–**

क्र.सं.	वरीयता सूची	तिथि
01	द्वितीय वरीयता सूची में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग	16 जुलाई, 2026, एवं 17 जुलाई, 2026
02	प्रथम प्रतीक्षा (वेटिंग) सूची अभ्यर्थियों की काउंसलिंग	18 जुलाई, 2026 प्रातः 11:00 बजे

नोट : अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त वरीयता सूची का अवलोकन स्वयं कर लें। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त तिथि को **बी0ए0 पाठ्यक्रम** में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक–A 2 के द्वितीय तल पर स्थित **कक्ष संख्या 322** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

काउन्सलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को निम्नलिखित प्रपत्र/दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति, मूल प्रपत्रों एवं निर्धारित प्रवेश शुल्क के साथ समिति के समक्ष प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

- ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति।
- हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र की मूल व छायाप्रति।
- आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, EWS प्रमाण पत्र, की मूल एवं छायाप्रति।
- 04 फोटोग्राफ।
- दिव्यांगता प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति।
- टी0सी0/माइग्रेशन की मूलप्रति।
- चरित्र प्रमाणपत्र की मूलप्रति।
- अन्तिम उत्तीर्ण परीक्षा एवं वर्तमान सत्र में एक वर्ष से अधिक का GAP होने की स्थिति में शपथ–पत्र (Affidavit)।

पाठ्यक्रम का नाम	सामान्य UR/GEN, OBC एवं SC/ST विद्यार्थियों हेतु निर्धारित शुल्क	दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु निर्धारित शुल्क
स्नातक (बी0ए0)	4905/(चार हजार नौ सौ पांच)	3605/(तीन हजार छः सौ पांच)

नोट : पाठ्यक्रम शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा किया जायेगा।

(डॉ0 शशि सौरभ)
प्रवेश प्रभारी
बी.ए. पाठ्यक्रम, 2026–27

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
2. प्रवेश निदेशक, शैक्षिक सत्र 2026–27।
3. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
4. गार्डफाईल।

13 July 2026

(डॉ0 शशि सौरभ)
प्रवेश प्रभारी
बी.ए. पाठ्यक्रम, 2026–27